संख्या.सी.29011/02/2022-सीडीएन

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

***

सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक 25 मई, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए अप्रैल, 2022 के महीने के मासिक सार के संबंध में

अधोहस्ताक्षरी को अप्रैल, 2022 के महीने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों से संबंधित मासिक सार की प्रति को मंत्रिमंडल हेतु परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

महेन्द्र कुमार

(एम. के. मीणा)

उप सचिव,भारत सरकार

फोन : 23385365

संलग्न: यथोपरि।

सेवा में

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

संलग्नकों सहित प्रति अग्रेषित:

1. भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय / विभाग)
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ: सचिव (एचई) के वरि. प्रधान निजी सचिव।

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए माह अप्रैल, 2022 का मासिक सार:

माह अप्रैल, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. भारत और नॉर्वे के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग संबंधी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
2. भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में शिक्षा और कौशल विकास संबंधी भारत-अमेरिका कार्य दल के गठन की घोषणा की गई।
3. डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई।
4. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) और समर्थ के एकीकरण के लिए श्रंखलाबद्ध बैठकें आयोजित की गईं ताकि छात्रों को अपनी समय प्राथमिकताओं के अनुसार डिग्री पूरी करने के लिए बहु प्रवेश बहु निकास योजना को मूर्त रूप दिया जा सके।
5. सभी पंजीकृत उच्च शैक्षणिक संस्थानों से जानकारी एकत्र करने के लिए उच्च शिक्षा संबंधी अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) 2020-21 पूरा किया गया जिसमें संस्थानों की प्रतिक्रिया दर उच्च थी (विश्वविद्यालयों से 96%, कॉलेज और स्टैंडअलोन से 90% से अधिक)।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (ट्विनिंग, संयुक्त डिग्री और दोहरी डिग्री कार्यक्रम प्रदान करने के लिए भारतीय और विदेशी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग) विनियम के मसौदे पर यूजीसी से प्राप्त संदर्भ के आधार पर, भारत के विद्वान महान्यायवादी की राय मांगी गई और उसे यूजीसी को सूचित किया गया।

****